FORM OF ORDER SHEET

# IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, KOSHI (SAHARSA)

## Mutation (Dakhil-Kharij) Appeal Case No.-12/2024

Raghav Kumar Jha ……………………………………..Appellant

Versus

State of Bihar & Other…………………………………Respondents

| Serial No. | Date of order of procedding | Order with signature of the court | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 09.1.2026 | प्रस्तुत दाखिल-खारिज अपील वाद न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर सहरसा के दाखिल-खारिज अपील वाद संख्या-22/2021-22 (विजय चन्द्र ठाकुर बनाम अंचल अधिकारी, कहरा एवं अन्य) में दिनांक-30.11.2023 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। वाद अंगीकृत कर सुनवाई की गई। LCR प्राप्त है।<br>बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के धारा-8(2) में अंकित है कि भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, उस आदेश के 30 दिनों के भीतर समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता के समक्ष पुनरीक्षण हेतु आवेदन दायर कर सकेगा।<br>बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 के अन्तर्गत भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता/समाहर्त्ता के आदेश के विरूद्ध प्रमण्डलीय आयुक्त के समक्ष अपील/रिवीजन का प्रावधान निरूपित नहीं है। यह वाद इस न्यायालय में Maintainable नहीं है।<br>अतः उपरोक्त के आलोक में इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।<br>इस आदेश की प्रति सभी संबंधितों को भेजें। LCR निम्न न्यायालय को वापस भेजें।<br><br>Raje K.<br>आयुक्त,<br>कोशी प्रमंडल, सहरसा।<br><br>लेखापित एवं शुद्धित।<br>Raje K.<br>आयुक्त,<br>कोशी प्रमंडल, सहरसा। | |

आयुक्त न्यायालय कोशी प्रमंडल, सहरसा